...तो हम हो जाएंगे बेरोजगार

रीजनल साइंस सेंटर में वर्ल्ड वॉटर डे पर विशेष लेक्चर आयोजित

plus रिपोर्टर
bhopalplus@epatrika.com

पानी हमारे जीवन में अमूल्य है। लेकिन हम इसे धीरे-धीरे खत्म करने में लगे हुए हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमें पानी नसीब नहीं होगा। यह कहना है सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के एक्स रीजनल डायरेक्टर सीपी श्रीवास्तव का। वे मंगलवार को रीजनल साइंस सेंटर में वर्ल्ड वॉटर डे के मौके पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वॉटर की सेविंग्स के लिए यूथ को आगे आना होगा। तभी हम कुछ हद तक जल का संरक्षण कर सकते हैं। व्यवसाय में जल की उपयोगिता पर बात करते हुए उन्होंने स्टूडेंट्स को बताया कि जल का उपयोग कई व्यवसाय में अहम है। उन्होंने मछली पकड़ने, जल विद्युत, ट्रांसपोर्टेशन, जीव-जंतु और मनुष्य की उपयोगिता पर जल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर जल को हम इस तरह ही व्यर्थ करते रहेंगे तो रोजगार मिलना भी बंद हो जाएंगे, और बेरोजगारी छा जाएगी।